डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534



# रोजगार और नियोजन



वर्ष-22, अंक-27, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

11 दिसंबर 2024, बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, नि:शुल्क

## रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई व कोरबा में चलेंगी 240 ई-बसें

मिलेगी इको-फ्रेंडली व किफायती परिवहन सुविधा, तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी साइज में चलाई जाएंगी

छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही इको-फ्रेंडली और किफायती परिवहन सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत राज्य में 240 ई-बसों का संचालन होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे शहरी परिवहन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

**जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत**

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है।

**चार शहरों में ई-बसों का आवंटन**

**रायपुर:** 100 ई-बसों के लिए 27.23 करोड़ रुपये का प्रावधान।
**दुर्ग-भिलाई:** 50 बसों के लिए 17.75 करोड़ रुपये।
**बिलासपुर:** 50 बसों के लिए 11.45 करोड़ रुपये।
**कोरबा:** 40 बसों के लिए 10.97 करोड़ रुपये।
नागरिकों को आरामदायक, किफायती और भरोसेमंद परिवहन सेवा उपलब्ध कराएगी।




**14.33 करोड़ की स्वीकृति**

सूडा द्वारा रायपुर में बस सेवा प्रारंभ करने के लिए बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए रायपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को 14.33 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इसमें 8.60 करोड़ केन्द्रांश और 5.73 करोड़ रुपए का राज्यांश शामिल है। सूडा ने बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भी 12.90 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

**उन्नत परिवहन का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह सेवा न केवल आधुनिक परिवहन को बढ़ावा देगी, बल्कि शहरी जीवन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाएगी। यह योजना छत्तीसगढ़ को स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर ले जाने का सशक्त प्रयास है। सभी बसों का क्रय और संचालन केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा।

## रायगढ़ में बनेगा राज्य का सबसे बड़ा नालंदा परिसर

महिलाओं को मिली महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त, रायगढ़ जिले को 137.55 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

रायगढ़ जिले के लिए 3 दिसंबर का दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सबसे बड़े नालंदा परिसर का भूमिपूजन करते हुए 137 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह नालंदा परिसर न केवल युवाओं के शैक्षिक सपनों को नई ऊंचाई देगा, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी अनूठा केंद्र साबित होगा। इसके साथ ही, माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान करते हुए महतारी वंदन योजना की दसवीं किश्त प्रदेश की महिलाओं के खातों में अंतरित किए गए।

**माताओं-बहनों के स्वाभिमान का उत्सव**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, "हमारी माताओं-बहनों का स्नेह ही मेरी प्रेरणा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के आग्रह पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। दानसरा गांव की माताओं-बहनों की प्रेरक कहानी साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना की राशि से रामलला मंदिर निर्माण जैसी अनूठी पहल ने सभी को गौरवान्वित किया है।

**आधुनिक नालंदा परिसर की विशेषताएं**




- हजारों किताबों और अंतरराष्ट्रीय ई-बुक्स की उपलब्धता।
- 24x7 वाई-फाई और स्मार्ट स्टडी जोन।
- सिविल सेवा, मेडिकल, इंजीनियरिंग, और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष स्टडी मटेरियल।
- बच्चों के लिए किड्स लाइब्रेरी और नवोदय विद्यालय व सैनिक स्कूल की तैयारी का केंद्र।
- आधुनिक कैफेटेरिया और सेमिनार हॉल।

**रायगढ़ के नगरीय विकास को नई दिशा**

रायगढ़ नगर निगम में 60 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिले में सिंचाई की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए केलो डैम परियोजना को भी प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन के अंत में कहा, "रायगढ़ के ये विकास कार्य केवल इमारतें नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सपनों को साकार करने की नींव हैं।" यह दिन रायगढ़ को शिक्षा, उद्योग और समृद्धि के नए मार्ग पर ले जाने वाला साबित होगा।

**औद्योगिक विकास का नया अध्याय**

मुख्यमंत्री श्री साय ने 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का विजन साझा किया। उन्होंने बताया कि नई उद्योग नीति के तहत प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए, हर संभव सुविधा दी जा रही है। बेहतर सड़क नेटवर्क और एयर कनेक्टिविटी ने औद्योगिक गतिविधियों को नई गति दी है।

**कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय**

## जनता चुनेगी महापौर और अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ में नगर निगमों के महापौर और नगर पालिका तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव अब प्रत्यक्ष तरीके से होगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया, जिसमें नगर निगम और नगर पालिका अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी गई। इससे जनता सीधे महापौर और अध्यक्ष का चुनाव कर सकेगी, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में और भी पारदर्शिता आएगी।

**प्रत्यक्ष चुनाव का निर्णय**

- नगर पालिक निगमों के महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का निर्णय।
- छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम और नगर पालिक निगम अधिनियम में संशोधन की मंजूरी।
- त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों में OBC के लिए आरक्षण सीमा 25% से बढ़ाकर 50% तक करने की स्वीकृति।

**चना वितरण योजना**

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नागरिक आपूर्ति निगम को ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से चना उपार्जन की अनुमति।
- चना वितरण योजना से 30 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित।

**पर्यटन को उद्योग का दर्जा**

- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग का दर्जा दिया गया।
- साहसिक, जल, मेडिकल, वेलनेस, और एग्रो टूरिज्म को प्रोत्साहन।
- निजी निवेश, रोजगार, और पर्यटन संबंधी अधोसंरचना में वृद्धि की संभावना।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

शांति और विकास का नया अध्याय, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की ऐतिहासिक पहल

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलेगा स्थायी आश्रय

नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत, आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की विशेष परियोजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।



**15,000 आवासों की मंजूरी**

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए 15,000 आवासों का विशेष लक्ष्य स्वीकृत किया है। इन आवासों का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दिशा-निर्देशों के तहत होगा।

**पात्रता और सत्यापन प्रक्रिया**

परियोजना का लाभ उन परिवारों को दिया जाएगा, जो सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 या आवास प्लस 2018 की सूची में नहीं है। जानकारी को 6 दिसंबर 2024 तक आवास प्लस पोर्टल पर अपलोड करने की अनुमति दी गई है।

**शांति और विकास की ओर कदम**

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस पहल को नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति स्थापित करने और वहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का बड़ा प्रयास बताया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और पीड़ित परिवारों के लिए एक नई शुरुआत का अवसर है।

## रिक्रूटमेंट नोटिस

**पूर्वी रेलवे**
पदः C और D
पद संख्याः 60
अंतिम तिथिः 14 दिसंबर 2024
rrcer.org और rrcrecruit.co.in

**एसबीआई**
पदः स्पेशलिस्ट ऑफिसर
पद संख्याः 25
अंतिम तिथिः 17 दिसंबर 2024
sbi.co.in

**स्टेट हेल्थ सोसायटी, बिहार**
पदः आयुष डॉक्टर्स
पद संख्याः 2010
अंतिम तिथिः 21 दिसंबर 2024
https://sha.bihar.gov.in/

**गुरु घासीदास वि. वि. बिलासपुर**
पदः सहायक ग्रेड 2, 3 और स्टेनोग्राफर
पद संख्याः 54
अंतिम तिथिः 30 दिसंबर 2024
https://www.ggu.ac.in/

**IDBI**
पदः जूनियर असिस्टेंट मैनेजर (ग्रेड'O')
पद संख्याः 600
अंतिम तिथिः 30 दिसंबर 2024
https:// www.idbibank.in/

**इंडियन एयरफोर्स**
पदः फ्लाइंग ऑफिसर
पद संख्याः 336
अंतिम तिथिः 31 दिसंबर 2024
afcat. cdac.in

**मेडिकल यूनिवर्सिटी**
पदः ग्रुप बी, सी
पद संख्याः 332
अंतिम तिथिः 31 दिसंबर 2024
www.kgmu.org

वर्ष-22, अंक-27, रायपुर
रोजगार और नियोजन
प्रधान संपादक : डॉ. रवि मित्तल
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय : अरविन्द मिश्रा, संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था : मोहन मिश्रा, विक्रांत
- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com
रोजगार और नियोजन
निःशुल्क है।

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

### पिक ऑफ द वीक



जशपुर पर्यटन वेबसाइट में शामिल होने वाला प्रदेश का पहला जिला

# छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीतिः रोजगार, विकास और निवेश का संगम

32,225 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 27 बड़े औद्योगिक समूहों को 'इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर' सौंपे गए

नवा रायपुर में आयोजित हितधारक कनेक्ट वर्कशॉप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का शुभारंभ किया। इस नीति के तहत राज्य के 27 प्रमुख औद्योगिक समूहों को 32,225 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश के लिए 'इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर' प्रदान किए गए। यह निवेश राज्य में आईटी, एआई, डाटा सेंटर, एथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्रेस्ड बॉयो गैस और अन्य उभरते क्षेत्रों में किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का सपना दिखाया है। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ का औद्योगिक विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**औद्योगिक विकास उद्देश्य रोजगार सृजन**
निवेश बढ़ाकर छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करना।

**निवेश प्रक्रिया में सरलता**
सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए उद्योगों की स्थापना में तेजी।

**नवाचार और हरित विकास**
आईटी, ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता।



**एमएसएमई को मजबूती**
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन ।

**नई नीति को मिली सराहना**
नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार श्री संजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ को "निवेशकों का पसंदीदा राज्य" बताते हुए कहा कि इस नीति से प्रदेश में सस्टेनेबल औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार की गई यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बनी है।

**समूहों ने दिखाया निवेश का भरोसा**
कार्यक्रम में शिवालिक इंजीनियरिंग, रिलायंस बायो एनर्जी, यश फैंस एंड एप्लायंसेस, रेक बैंक डाटा सेंटर और अन्य प्रमुख समूहों को निवेश के प्रस्ताव सौंपे गए। इन समूहों ने राज्य के कोर सेक्टर के साथ-साथ नए क्षेत्रों में निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस नीति में रोजगार सृजन, निर्यात प्रोत्साहन और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**सहयोग का आह्वान**
कार्यक्रम में आयोजित पैनल चर्चा में औद्योगिक अधोसंरचना, रोजगारवर्धक नीतियां, और उद्योग स्थापना के लिए औपचारिक आवश्यकताओं को कम करने जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

**छत्तीसगढ़ के लिए नए अवसर**
मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधनों की प्रचुरता, अनुकूल औद्योगिक वातावरण और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी सुविधाओं ने निवेशकों के लिए नया द्वार खोल दिया है। नई औद्योगिक नीति के जरिए राज्य में औद्योगिक विकास को रफ्तार मिलेगी और युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल न केवल राज्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि देश के औद्योगिक विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### दसवीं-बारहवीं प्रायोगिक परीक्षा 10 जनवरी से

सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी। यह परीक्षा 31 जनवरी तक संबंधित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल से निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के लिए दोबारा प्रैक्टिकल आयोजित नहीं होगा।

### ओपन स्कूल की मार्च-अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

ओपन स्कूल की दसवीं बारहवीं परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 के लिए 15 जनवरी तक फार्म भरे जाएंगे। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 20 जनवरी तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। प्रदेश में करीब 413 अध्ययन केंद्र हैं। जहां से आवेदन भरे जा सकते हैं।

### नर्सिंग ऑफिसर समेत अन्य पदों पर भर्ती

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद संस्थान (NIA), जयपुर ने रजिस्ट्रार, अकाउंट्स ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर समेत अन्य पदों पर भर्ती निकाली है। वेबसाइट https://www.nia.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 20 दिसंबर है। क्लीनिकल रजिस्ट्रार - 02, अकाउंट्स अधिकारी 01, नर्सिंग अधिकारी 01, फार्मेसिस्ट, मल्टी टास्किंग स्टाफ 22, (एमटीएस) प्रशासी अधिकारी 01 पद रिक्त है एनआईए भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को कोई का भुगतान नहीं करना होगा।

### परिवहन उप निरीक्षक के साक्षात्कार 17 दिसम्बर को

परिवहन विभाग में 15 पदों पर परिवहन उप निरीक्षक (तकनीकी) की भर्ती होगी। इसके लिए 45 उम्मीदवार हैं। इंटरव्यू 17 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से निर्देश जारी किए गए हैं। साक्षात्कार के एक दिन पहले दस्तावेज सत्यापन होगा। इसमें अनुपस्थित रहने और मापदंड पूरा नहीं करने वाले अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### BSF में 10वीं पास युवाओं के लिए 275 पदों पर भर्ती

सीमा सुरक्षा बल ने 10वीं पास युवाओं के लिए 275 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती विशेष रूप से खेल से संबंधित प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवारों के लिए है। इच्छुक उम्मीदवार 30 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। **चयन प्रक्रियाः** उम्मीदवारों का चयन योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग के बाद फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल एग्जाम के आधार पर किया जाएगा। **आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवार BSF की आधिकारिक वेबसाइट www.bsf.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें और आवश्यक विवरण भरकर दस्तावेज अपलोड करें।

### भारतीय नौसेना में अप्रेंटिस के 275 पदों पर भर्ती, 1 जनवरी तक

नौसेना डॉकयार्ड, विशाखापटनम में ट्रेड अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस नौकरी के लिए उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन करना होगा। इस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 28 फरवरी 2025 को होगी, रिजल्ट 4 मार्च को आएगा। **कैसे करें आवेदनः** ऑफिशियल वेबसाइट indiannavy.nic. in पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन के बाद इसे ऑफलाइन भी भेजना होगा। आवेदन भेजने का पता प्रभारी अधिकारी, नेवल डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल वीएम नेवल बेस एसओ, पीओ, विशाखापटनम 530 014, आंध्र प्रदेश **चयन प्रक्रिया** रिटन एग्जाम, इंटरव्यू, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मौखिक टेस्ट होगी।

### साउथ ईस्टर्न रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 1785 पदों पर भर्ती

साउथ ईस्टर्न रेलवे कोलकाता की ओर से अप्रेंटिसशिप के 1785 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार RRC SER की ऑफिशियल वेबसाइट rrcser.co.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2024 निर्धारित किया गया है। **कैसे करें आवेदनः** ऑफिशियल पोर्टल iroams.com/RRCSER24 पर जाएं। होम पेज पर APPLY बटन पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन बटन पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल्स दर्ज करें। अन्य डिटेल्स भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। उम्मीदवार पूरी तरह से भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर रखें। चयन **प्रक्रियाः** मेरिट बेसिस पर होगी।

### जूनियर इंजीनियर के 1111 पदों पर भर्ती


राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड ने जूनियर इंजीनियर के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार चयन बोर्ड की ऑफिशल वेबसाइट rsmssb. rajasthan. gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 27 दिसंबर, 2024 निर्धारित किया गया है। **आवेदन शुल्कः** सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्गः 600, एससी, एसटी, दिव्यांगः 400 **कैसे करें आवेदन** के लिये ऑफिशल वेबसाइट rsmssb. rajasthan.gov.in पर जाएं। यहीं दर पर रजिस्ट्रेशन करके प्रोफाइल बनाएं। डीटेल्स दर्ज करके फॉर्म भरें।

## सुशासन का स्वर्णिम 1 वर्ष

# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खुशहाल छत्तीसगढ़ की नई उड़ान

सुशासन का स्वर्णिम वर्षः मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की खुशहाली की गूंज
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने 13 दिसंबर 2024 को सुशासन और विकास के स्वर्णिम एक वर्ष का गौरवपूर्ण पड़ाव पूरा किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का संकल्प सिद्ध किया। इस एक वर्ष में योजनाओं का क्रियान्वयन न केवल तेज गति से हुआ, बल्कि जन-भागीदारी के माध्यम से राज्य ने नई ऊंचाइयों को छुआ।

### धार्मिक यात्रा का अवसर, श्री रामलला दर्शन




- प्रत्येक वर्ष 20,000 श्रद्धालुओं को मिलेगी अयोध्या धाम और काशी धाम की निःशुल्क यात्रा।
- श्री रामलला के दर्शन से भक्तों की आस्था को मिलेगा एक नया आयाम।

### राजिम कुंभ (कल्प) का पुनः आयोजन




- एक शानदार अवसर धार्मिक और सांस्कृतिक समागम का, जो छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक धारा को और भी सशक्त करेगा।

### महिला सशक्तिकरण, महतारी वंदन योजना



- 70 लाख महिलाओं को हर माह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता।
- 179 महतारी सदनों के निर्माण हेतु 52 करोड़ 20 लाख रुपये का बजट।

### प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर, नई रोशनी



- 18 लाख 12 हजार 743 परिवारों के लिए आवास निर्माण की योजना को 12,168 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 49,834 आवासों का निर्माण पूरा।
- 5.11 लाख लाभार्थियों के खातों में 2044 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित।

## माँ के आशीर्वाद से संवरते छत्तीसगढ़ का सुशासन



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने एक साल पहले अपनी माताजी का आशीर्वाद लेकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तब उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास और सुशासन का संकल्प लिया था। आज, उस ऐतिहासिक क्षण को एक वर्ष पूरा हो गया है, और यह साल प्रदेश के लिए विकास, खुशहाली और विश्वास का प्रतीक बना है। इस एक वर्ष में मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने कर्मठ नेतृत्व और जनता के प्रति समर्पण से प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। किसानों के लिए लाभकारी योजनाएँ, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान, तथा गरीबों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए बनाई गई नीतियों ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का मार्ग प्रशस्त किया।

शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने जनता का विश्वास अर्जित किया। यह एक वर्ष माताजी के आशीर्वाद और प्रदेशवासियों के सहयोग का फल है। सुशासन का यह सफर छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और खुशहाल बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। माँ के आशीर्वाद और प्रदेशवासियों के सहयोग से सुशासन का यह वर्ष छत्तीसगढ़ की प्रगति का प्रतीक है। यह प्रयास प्रदेश को आत्मनिर्भर, खुशहाल और सबके लिए समृद्ध भविष्य देने की दिशा में जारी रहेगा।

कंटेंटः संदीप सिन्हा, इलस्ट्रेशनः धनेश कुमार दिवाकर

### न्योता भोज, शिक्षा और समाज का संगम




- अब तक 30,000 स्कूलों में 75,000 से अधिक बार न्योता भोज का सफल आयोजन।
- बच्चों में कुपोषण कम करने और पोषण स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका।

### लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन




- लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल, 5 साल के एरियर्स का भुगतान, पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी, राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि।

### नई औद्योगिक नीति : रोजगार के अवसर



- नया रायपुर को आईटी हब बनाने के लिए दो बड़ी आईटी कंपनियों के साथ समझौते।
- बस्तर और सरगुजा में औद्योगिक विकास की योजनाएं।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण, संग्राहकों को सम्मान



- तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4000 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा तथा बोनस का भुगतान।
- जिसका लाभ 12 लाख 50 हजार से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहा है।
- चरण पादुका योजना फिर होगी शुरू, तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए नयी सामाजिक सुरक्षा योजना प्रारंभ होगी।

# जन-जन के प्रयासों का विज़न @,2047 सपनों को आकार देता विकसित छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ का भविष्य कुम्हार के चाक पर आकार लेते दीये की तरह है—जहां मिट्टी, मेहनत, और सपनों का मेल स्वर्णिम छत्तीसगढ़ की बुनियाद रख रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य 2047 के उस विजन की ओर बढ़ रहा है, जहां हर नागरिक का सपना, हर घर की उम्मीद, और हर गांव की तरक्की का सपना साकार हो। मुख्यमंत्री श्री साय का यह विश्वास कि मेहनत, समर्पण और जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

## चाक की रफ्तार प्रदेश के विकास का आधार

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दी है, जो कुम्हार के चाक पर मिट्टी की तरह स्थिर और सशक्त रूप से आकार ले रही है। जैसे कुम्हार चाक पर अपनी कलाकारी से एक सुंदर और सशक्त आकार देता है, वैसे ही मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी सूझबूझ, स्थिरता और दृढ़ नायकत्व से प्रदेश की नीतियों और योजनाओं को साकार किया है। प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास और खुशहाली की नई मिसाल प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री श्री साय का नेतृत्व हर कदम पर छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और प्रगति की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



### 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम



- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अनूठी पहल। राज्यभर में लगभग 04 करोड़ वृक्षों का रोपण। पर्यावरण संरक्षण और मातृ शक्ति के प्रति सम्मान का प्रतीक।

### नियद नेल्ला नार



- सुरक्षा कैम्पों के 5 किमी की परिधि में स्थिति गांवों में, 17 विभागों के 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास।

### नक्सल ऑपरेशन में सफलता की सौगात



- 213 से अधिक माओवादी ढेर, डेढ़ हजार से अधिक माओवादी आत्मसमर्पित या जेल। आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति।

### किसान सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना



- 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपये का धान बोनस।
- 145 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी और 32,000 करोड़ रुपये का भुगतान।

### गुड गवर्नेंस



- ई-ऑफिस, सुगम एप, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से शासन में पारदर्शिता। खनिजों का ऑनलाइन ट्रांजिट पास, जेम पोर्टल और लकड़ी का ई-ऑक्शन भ्रष्टाचार पर कड़ी निगरानी रखते हैं।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति



- बिलासपुर में SIMS का 200 करोड़ रुपये की लागत से विस्तार।
- चार नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 1020.60 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत।

### सुदृढ़ सड़क और बेहतर कनेक्टिविटी

- 1,000 करोड़ रुपये की लागत से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण।
- अम्बिकापुर से हवाई सेवाओं का प्रारंभ, जगदलपुर-बिलासपुर-रायपुर में हवाई सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार।

### कल्याणकारी योजनाएं, हर हाथ तक मदद

- 68 लाख गरीब परिवारों को 5 वर्षों तक मुफ्त राशन।
- श्रमिकों के लिए वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत 5 रुपये में भोजन।

### शिक्षा में नवाचार:

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 5 तक स्थानीय भाषा में पढ़ाई।
- आदिवासी क्षेत्रों में कौशल विकास शिक्षा को प्राथमिकता।
- एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में।
- रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण।
- छत्तीसगढ़ में खुलेंगे चार नए केंद्रीय विद्यालय।

### बस्तर ओलंपिक:

- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल, क्षेत्रीय खेल और संस्कृति को वैश्विक मंच पर लाने का उद्देश्य।
- संस्कृति और परंपरा का संरक्षण, बस्तर की अनूठी जनजातीय परंपराओं को बढ़ावा।
- युवाओं के लिए मंच, प्रतिभा को निखारने और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरणा।
- बस्तर की पहचान को बढ़ाना नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी ताकत पहचानने और उसे दुनिया के सामने लाने का है।

### मुख्यमंत्री सम्मान

- 5,000 वार्षिक सम्मान निधि: बैगा, गुनिया, सिरहा वर्ग को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने के लिए वार्षिक निधि।
- अखरा निर्माण योजना: जनजातीय समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए अखरा निर्माण की शुरुआत।
- शहीदों की प्रतिमाओं की स्थापना: उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रतिमाओं की स्थापना।

## पाठकों के पत्र



रोजगार और नियोजन ने मेरे करियर में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। मैं 2003 से इसका पाठक हूं उन दिनों इसी अखबार से विभिन्न रिक्तियों के बारे मे सूचना प्राप्त होती थी तथा छत्तीसगढ़ शासन की सरकारी और शैक्षणिक भर्तियों की सूचनाएं इस अखबार के माध्यम से समय पर मिलती थी। इसमें प्रकाशित पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र और विशेषज्ञों के टिप्स मेरी परीक्षा तैयारी के लिए बेहद मददगार रहे। आज मैं जो कुछ भी हूं, उसमें इस अखबार का बड़ा योगदान है।
मैं तो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे, विद्यार्थियों से कहना चाहुंगी कि रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेख एवं शासन की योजनाओं का नियमित अध्ययन कर शार्ट नोट्स बना कर तैयारी करने से इसका लाभ प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा मे निश्चित रूप से प्राप्त होगा।

**स्टायलो मंडावी**
(DFO) भारतीय वन सेवा

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com



मैं "रोजगार और नियोजन" अखबार का नियमित पाठक हूं, और इसने मेरे करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2002 से इस अखबार के माध्यम से मुझे छत्तीसगढ़ शासन की सरकारी भर्तियों, शैक्षणिक अवसरों और अन्य रोजगार संबंधित सूचनाओं के बारे में समय पर जानकारी मिलती रही है। इसके अलावा, अखबार में प्रकाशित पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र और विशेषज्ञों के द्वारा दिए गए टिप्स ने मेरी परीक्षा की तैयारी को सही दिशा में मार्गदर्शन दिया। आज जो भी मैं हूं, उसमें इस अखबार का बड़ा योगदान है। मैं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि वे इस अखबार में प्रकाशित लेखों और शासन की योजनाओं का नियमित अध्ययन करें। शार्ट नोट्स बना कर अध्ययन करने से प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में सफलता मिलना निश्चित होगा।

**धनंजय वर्मा,**
निज सचिव,
प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

# कार्यालय उपसंचालक, कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY-Watershed Dev.) कृषि विभाग, जिला कोरबा (छ.ग.)

क्र./ 3653/कृ.वि./ WCDC/2024-25 कोरबा, दिनांक 25-NOV 2024

छ.ग. राज्य जलग्रहण प्रबंधन एजेंसी (छ.ग.) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर लाभांडी रायपुर का पत्र क्र. 662/CGSWMA/22 रायपुर दिनांक 29.09. 2022 के तहत स्वीकृत पद संरचना अनुसार WDC-PMKSY 2.0 योजनांतर्गत जिले के विकासखण्ड-पोडी उपरोडा मे संचालित परियोजना WDC-PMKSY 2.0-1 मे जलग्रहण समिति स्तर पर माइक्रो वाटरशेड सचिव के पद एवं मासिक मानदेय 5000/- पर संविदा नियुक्ति हेतु उनके सम्मुख दर्शाये गये विवरण अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सहित वांछित अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 16.12.2024 को सायं 5.30 बजे तक संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव व प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | परियोजना | माइक्रो वाटरशेड समिति ग्राम का नाम | पद संख्या | स्वीकृत पद का आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC 2.0-1 Podi Uproda | ढेलुवा | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 2 | | रानीमार | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 3 | | गुरुद्वारी | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 4 | | सरिसमार | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| योग | | | 04 | अनारक्षित (मुक्त) |

**माइक्रो वाटरशेड सचिव की योग्यता एवं अर्हताऐं अधोनुसार है-**

| न्यूनतम अर्हता | चयन हेतु मेरिट अंक | |
|---|---|---|
| 12वीं पास।<br>माईक्रो वाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम / ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्यूटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का 85 weightage देते हुए | 8<br>5 |
| | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

**नियम एवं शर्ते :-**

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है एवं सविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगी। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय WDC-PMKSY 2.0 योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेगें। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय भार वहन नहीं किया जावेगा।
2. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल / स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।
3. आवेदक को छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. उम्मीदवार को दिनांक 01.01.2024 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होनी चाहिए। अन्य विशेष वर्ग जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीदवारों को राज्य शासन द्वारा समय समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप आयु मे छुट की पात्रता होगी।
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
6. शासकीय / अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. संविदा नियुक्ति, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन एफ-9-1/2012/1-3 रायपुर दिनांक 17 जनवरी 2013 द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के अधीन होगी।
8. प्राप्त आवेदनो का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।
9. तैयार मेरिट सूची से रिक्त पद के विरूद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच हेतु बुलाया जावेगा।
10. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
11. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे। ऐसे आवेदन पत्रों के संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदन पत्र बंद लिफाफे में जमा करने की अंतिम तिथि 16.12.2024 तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से कार्यालय उप संचालक कृषि, कृषि विभाग, जिला कोरबा (छ.ग.) को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा। व्यक्तिगत आवेदन पत्र एवं कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किया जावेगा।
12. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
13. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जायेगा।
14. यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक माइक्रो वाटरशेड समिति हेतु आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक माइक्रो वाटरशेड के लिए पृथक पृथक आवेदन पत्र जमा करना होगा।
15. जन्मतिथि के प्रमाण के लिए सामान्यतः हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी, मैट्रिकुलेशन परीक्षा के प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
16. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
17. कोई भी उम्मीदवार जिनकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
18. चयन के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
19. रिक्त पदों की संख्या घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है, इसका सर्व अधिकार छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी, रायपुर के पास होगा।
20. उम्मीदवार लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं प्रेषक के नाम एवं पत्र व्यवहार का पता एवं मोबाईल नंबर तथा दो स्वयं का पता लिखे लिफाफा 40 40 रू. का डाक टिकट सहित प्रेषित करेंगे।
21. नियुक्ति की अन्य शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईड www.korba.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC द्वारा अनुमोदित)**

उप संचालक, कृषि
एवं सदस्य सचिव, सह परियोजना प्रबंधक WCDC
कृषि विभाग जिला-कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय उपसंचालक, कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY-Watershed Dev.) कृषि विभाग, जिला- कोरबा (छ.ग.) माइक्रो वाटरशेड सचिव पद हेतु**
**आवेदन पत्र का प्रारूप**

प्रति,

उप संचालक कृषि एवं सदस्य सचिव सह परियोजना प्रबंधक (WCDC) जिला-कोरबा (छ०ग०)

सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज स्व अभिप्रमाणित फोटो चस्पा करें

विषय :- विज्ञापन क्रमांक-------दिनांक------..द्वारा विज्ञापित पदों में संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।

1. आवेदित पद का नाम :----------------------------
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :----------------------------
(अंग्रेजी के केपीटल लेटर में) :----------------------------
3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :----------------------------

**क्रमशः**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

4. जन्म तिथि (अंकों में) (शब्दों में) :--------------------------
(प्रमाण हेतु हाई-स्कूल प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
5. आयु (01.01.2024 की स्थिति में वर्ष------माह-----दिन -----
6. स्थायी पता :--------------------------
7. पत्राचार का पता :--------------------------
मोबाईल नं.:------------------
8. जाति प्रवर्ग :--------------------------
(अजा./अजजा /अपिव / सामान्य) उल्लेख करें। (आरक्षित प्रवर्ग का लाभ लेने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा सत्यापित जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।) :--------------------------
9. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है? हाँ/नही :--------------------------
(छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)
10. क्या आप दिव्यांग अस्थिबाधित है ? :--------------------------
यदि हाँ तो दिव्यांगता का प्रतिशत :--------------------------
(जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र की प्रमाणीत छायाप्रति संलग्न करें।
11. शैक्षणिक योग्यता (शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि. वि. का नाम | विषय | वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :-------------------------
(सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. अनुभव

| क्रं | कार्यरत पद का नाम | कार्यालय का नाम | वेतनमान | कार्यरत अवधि कब से कब तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

(अनुभव प्रमाण एवं नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)
14. (अ) वैवाहिक स्थिति (विवाहित / अविवाहित) :--------------------------
(ब) यदि आप विवाहित है तो विवाहित की तिथि बच्चों की संख्या........................
अंतिम बच्चे की जन्मतिथि.........................
15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-
1.----------------2---------------------3:--------------------
4:----------------5---------------------6--------------------
7----------------8----------------------9-------------------
10--------------11----------------------12------------------

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु क्रमांक 01 से 15 तक दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य है, किसी भी प्रकार की गलत/अपूर्ण जानकारी के कारण मुझे चयन प्रक्रिया से निष्काशित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मैंने यह आवेदन सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझकर भरा है। विज्ञापन में दिये गये नियमों के अनुसार निर्धारित पद पर आवेदन करने की पात्रता है, जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

दिनांक :-------
स्थान :--------

**आवेदक के हस्ताक्षर**

# कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर**
**जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

## -:: दसवां (10) काउंसिलिंग हेतु सूचना ::-

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग तथा भौमिक तथा खनिकर्म विभाग के प्रस्ताव पर सहायक मानचित्रकार (सिविल) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 25.03.2018 को मानचित्रकार / सहायक मानचित्रकार के पद पर भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा (CDM18) आयोजित की गई तथा परीक्षा का परिणाम व्यापम की वेबसाईट पर दिनांक 19.07.2018 को प्रदर्शित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् विज्ञप्ति में दी गई कंडिकाओं के अनुरूप मेरिट आधार पर अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच हेतु केवल लोक निर्माण विभाग के लिए विज्ञापित रिक्त पदों हेतु काउंसिलिंग किया जाना है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नांकित मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित छायाप्रतियाँ सहित दिनांक 20.12.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) में उपथित होवें :-

(i) ऑनलाईन प्रदर्शित अभ्यर्थी का बायोडाटा (फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित)
(ii) संयुक्त भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र (Admit Card)
(iii) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2),
(iv) हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2)
(v) निर्धारित शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र
(vi) स्थाई जाति प्रमाण पत्र
(vii) जाति सत्यापन प्रमाण पत्र
(viii) संलग्न प्रारूप (एक) अनुसार शपथ-पत्र (यदि जाति सत्यापन प्रमाण पत्र नहीं हो तो)
(ix) छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र
(x) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
(xi) अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि शासकीय सेवा में हो तो) (xii) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र
(xiii) एवं अन्य प्रमाण पत्र / दस्तावेज (यदि कोई हो तो)।

इस हेतु अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी। काउंसिलिंग हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों का नाम, अनुक्रमांक (रोल नं.) एवं अन्य विवरण का अवलोकन हेतु लोक निर्माण विभाग के वेबसाईट https://pwd.cg.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया है।

प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

**आर.ओ.199/जी-242504373.3**

# अधिष्ठाता "स्व. बिसाहू दास महंत" स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)

## - संविदा भर्ती विज्ञापन-

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में संविदा भर्ती नियम-2012 जो चिकित्सा शिक्षा विभाग हेतु लागू हो, के आधार पर भरने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुये सोमवार से शुक्रवार प्रत्येक कार्यदिवस प्रातः 11.00 बजे से वॉक-इन-इन्टरव्यू विज्ञापन जारी दिनांक से आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों/चिकित्सकों के रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु एन.एम.सी. के मापदण्ड की अर्हता रखते हों, स्व-प्रमाणित दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में कार्यालयीन समय में शासकीय अवकाश को छोड़कर स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु रिक्त पदों की अद्यतन एवं संविदा भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी संस्थान के वेबसाईट https://sbdmscm.edu.in एवं नोटिस बोर्ड अवलोकन किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
"स्व. बिसाहू दास महंत" स्मृति चिकित्सा
महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

Ph-07749-223112 Email ID-itihld@rediffmail.com

क्रमांक-औप्रस./बा./स्था. / मेह. प्रव.भर्ती / 2024/1012 / बालोद, दिनांक 25-11-2024

संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों तथा संयुक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग क्षेत्र दुर्ग के आदेश के अनुसरण में जिला बालोद की नोडल शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के नोडल क्षेत्र अंतर्गत जिला बालोद में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पदों के विरूद्ध विभिन्न व्यवसायों / विषयों के प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षण सत्र 2024-2025 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) आमंत्रित करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.12.2024 को अपरान्ह 5.00 बजे तक है। आवेदकों द्वारा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा किये आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त/जमा आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। संस्थावार / व्यवसायवार/विषयवार रिक्त पदों की जानकारी, शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता एवं निर्धारित मापदंड निम्नानुसार हैं-

### 1. रिक्त पदों की जानकारीः

| सरल क्रमांक | व्यवसाय/विषय का नाम | औप्रसं बालोद | औप्रसं. संजारी | औप्रसं. सुरेगांव | औप्रसं डौण्डीलोहार | औप्रसं गुण्डरदेही | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्टेनो हिन्दी | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 2 | विद्युतकार | - | 1 | 1 | - | - | 2 |
| 3 | मशीनिष्ट | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 4 | ड्राईवर मैकेनिक कम | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 3 | मैकेनिक डीजल | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 6 | इजी. ड्राईग / ब्लू.सी. एस | - | - | - | - | 1 | 1 |

### शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताः-

| क्रमांक | व्यसाय/विषय का नाम | शैक्षणिक / तकनीकी अर्हताएं (वर्तमान प्रचलित सेवा भर्ती नियम के अनुसार) |
|---|---|---|
| 1 | स्टेनो हिन्दी | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण । अथवा पुरानी पद्धति से हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम को प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त मंडल / संस्था / शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)<br>(3) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण-पत्र तथा डाटा एण्ट्री की 10,000 (KEY) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी) |
| 2 | विद्युतकार | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसक समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।<br>(2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि / पत्रोपाधि उत्तीर्ण । |
| 3 | ड्राईवर कम मैकेनिक | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसक समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।<br>(2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल/ऑटो मोबाईल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि / पत्रोपाधि उत्तीर्ण ।<br>(3) हल्के मोटर यान (एलएमव्ही) का वैध लायसेंस होना अनिवार्य है। |
| 4 | मैकेनिक डीजल | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसक समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।<br>(2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल/ऑटो मोबाईल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि / पत्रोपाधि उत्तीर्ण ।<br>(3) हल्के मोटर यान (एलएमव्ही) का वैध लायसेंस होना अनिवार्य है। |
| 5 | वर्कशाप कैल्कुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राईग | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसक समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।<br>(2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। |
| 6 | मशीनिष्ट | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसक समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।<br>(2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल / प्रोडक्शन एवं मैन्यूफक्चरिंग इंजिनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण । |

### 3. अंकों का निर्धारण एवं चयन प्रक्रिया :-

01. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदों के लिये सी.टी.आई/ए.टी.आई आवश्यक है, उन पदों के लिये एव वर्षीय सी.टी.आई/ ए.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्रधारी पात्र अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जाएगा।
02. सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्रधारी पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही, उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर की जाएगी।
03. जिन व्यवसायों के लिए हल्के मोटर यान (एल.एम.व्ही.) का वैध लाईसेंस अनिवार्य है उन व्यवसायों के लिए उक्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
04. व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी) में प्राप्त आवेदनों में शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर संचालक स्तर पर निर्णय लेकर 80 शब्द प्रति मिनट योग्यता वाले अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकेगा।
05. इसी प्रकार एम्प्लायबिलिटी स्किल विषय हेतु प्राप्त आवेदनों में यदि निर्धारित योग्यता के आवेदक उपलब्ध न होने पर बीएड के मामले में संयुक्त संचालक स्तर पर निर्णय लेकर निर्धारित योग्यता को शिथिल किया जा सकेगा।
06. मेहमान प्रवक्ता के रूप में चयन उपरान्त यदि वह निर्धारित की गयी अवधि तक कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होत है तो उसका चयन निरस्त माना जाकर प्रतीक्षा सूची के सरल क्रमांक 01 को अवसर दिया जावेगा। इसी क्रम से प्रतीक्षा सूची के अन्य आवेदकों को अवसर दिया जायेगा।

### 4. नियम एवं शर्तेः-

01. आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बालोद जिला बालोद से प्राप्त किया जा सकता है। एवं आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्वच्छ, स्पष्ट एवं सुवाच्य रूप से बिना कांट-छांट के पूर्ण आवेदन भरकर प्राचार्य / नोडल अधिकारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, (पत्र व्यवहार का पूर्ण पता, पिन कोड सहित) में जमा / प्रेषित किया जान है। आवेदक द्वार लिफाफे के ऊपर आवेदित व्यवसाय / विषय एवं संस्था का नाम (जिस संस्था हेतु आवेदन किया जा रहा है) लिखना अनिवार्य है।
02. आवेदन करने से पूर्व नियम एवं निर्देशों को भली-भांति पढ़कर आवेदन पूर्ण रूप से भरकर प्रेषित/जमा करें। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जाएंगे तथा इस संबंध में आवेदक को सूचना नहीं दी जाएगी।
03. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (प्राधिकृत अधिकारी का निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है)।
04. संबंधित पद हेतु प्रचलित सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर मेरिट / चयन/ प्रतीक्षा सूचियां तैयार की जायेगी। अनुभव आवश्यक नहीं है।
05. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदों के लिये सीटीआई/ एटीआई आवश्यक है उन पदों के लिये एक वर्षीय सीटीआई/ एटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्रधारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जायेगी। सीटीआई/ एटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्रधारी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर की जाएगी।
06. मेहमान प्रवक्ताओं को आवश्यकतानुसार या अधिकतम एक प्रशिक्षण सत्र हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
07. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई-बढ़ाई अथवा समाप्त की जा सकती है।
08. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर अथवा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा किया जा सकता है। डाक द्वारा प्रेषित आवेदनों के नियत तिथि एंव समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वे स्वमेव ही निरस्त हो जायेगें।
09. आवेदक एक से अधिक पदों / संस्थाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं परन्तु उन्हें पृथक-पृथक संस्थाओं / व्यवसायों / विषय के लिये पृथक-पृथक आवेदन जमा करना होगा।
10. आवेदित पद हेतु अर्हकारी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता होना आवश्यक है।

क्रमशः

(संबंधित अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है)।

11. व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी) एवं स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (अंग्रजी) हेतु प्राप्त आवेदनों में शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्णय लेकर 80 शब्द प्रतिमिनट योग्यता वाले अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जा सकता है। इसी प्रकार एम्प्लायबिलिटी स्किल विषय हेतु प्राप्त आवेदनों में यदि निर्धारित योग्यता के आवेदक उपलब्ध न होने पर बी.एड. आदि के मामले में संयुक्त संचालक स्तर पर निर्णय लेकर निर्धारित योग्यता को शिथिल कर सकेंगें।

12. चयन की कार्यवाही संबंधित व्यवसाय / विषय हेतु निर्धारित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर किया जायेगा। चयन सूची नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के सूचना पटल पर चस्पा की जायेगी।

13. संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सूचियों का अनुमोदन पश्चात् ही नियमानुसार चयनित अभ्यर्थी को दूरभाष द्वारा सूचना देकर प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने हेतु मेहमान प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया जावेगा। उन्हें किसी प्रकार का नियुक्ति पत्र जारी/प्रदान नहीं किया जावेगा।

14. शासन द्वारा नियमित / स्थनांतरित / संविदा कर्मचारी की पदस्थापना किये जाने की स्थिति में उन पदों पर आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी।

15. मेहमान प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण कार्य के लिये प्रति घण्टे 140 रूपये की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम 5 घण्टे, के मानदेय का प्रावधान है। प्रतिमाह अधिकतम रू. 15000.00 (पंद्रह हजार) रूपये मानदेय देय होगा। जो कि समय समय पर शासन द्वारा जारी दर के अनुसार परिवर्तनीय होगा।

16. यदि किसी आवेदक को मेहमान प्रवक्ता के रूप में एक से अधिक संस्थाओं / व्यवसायों/ विषयों के लिये आमंत्रित किया जाता है, तो किसी एक स्थान पर उपस्थित होने की स्थिति में उक्त आवेदक का शेष अन्य संस्थाओं / व्यवसायों / विषयों पर चयन स्वयं निरस्त माना जावेगा।

17. मेहमान प्रवक्ताओं द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्य संतोषप्रद नहीं होने अथवा आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में उसे सुनवाई का अवसर देते हुये स्पष्ट कारण दर्शाते हुये उसे प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय संबंधित प्राचार्य / संस्था प्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।

18. मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रक्रिया के दौरान शासन द्वारा नियमित / स्थानांतरित / संविदा पर पदस्थापना होने की स्थिति में उस पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रक्रिया स्वतः समाप्त हो जायेगी।

19. चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

(नोडल अधिकारी / प्राचार्य)
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बालोद
बालोद, जिला बालोद

**परिशिष्ट-व**

**आवेदन का प्रारूप**

**मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र**

01. औ.प्र.संस्था का नाम---------------------
(जिस संस्था के लिये आवेदन प्रस्तुत कर रहे है)

02. व्यवसाय/विषय का नाम------------------
(जिस व्यवसाय/विषय के लिये आवेदन प्रस्तुत कर रहे है)

सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज स्व अभिप्रमाणित फोटो चस्पा करें

प्रति,
प्राचार्य (नोडल अधिकारी)
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बालोद
जिला- बालोद (छ.ग.), पिन कोड 491226

01 आवेदक का नाम ----------------------
02 पिता/पति का नाम ----------------------
03 माता का नाम ----------------------
04 जन्म तिथि (अंकों में) ----------------------
(शब्दों में) ----------------------
05 पत्र व्यवहार का पूरा पता ----------------------
----------------------
----------------------
----------------------
--------पिन कोड-------
06 दूरभाष/मोबाईल नं. ----------------------
07 स्थायी निवास का पूरा पता ----------------------
08 शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | मण्डल/बोर्ड/ वि.वि. का नाम | विषय/ व्यवसाय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

09 क्या आप सी.टी.आई. ए.टी.आई. उत्तीर्ण हैं ?
(हाँ/नहीं) यदि हाँ तो प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

10 क्या आप हल्के मोटरयान (एल. एम. व्ही) का वैद्य लाइसेंस धारी हैं?: (यदि लागू हो)
(हाँ नहीं) यदि हाँ तो प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

टीप:- 1. प्रत्येक संस्था/व्यवसाय/विषय के लिए पृथक-पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावे ।

2. आवेदन जिला-नोडल संस्था के नाम से स्पीड पोष्ट/पंजीकृत डाक द्वारा निधारित तिथि एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है।

3. संलग्न प्रमाण पत्रों/अंकसूचियों की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगावे।

4. छ.ग. का मूल निवासी होने का शासन द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

**//शपथ-पत्र //**

**उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही है एवं मैं सहमत हूँ कि-**

1. मैं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग. रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया एवं समय-समय पर संशोधित / लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी।
| 11 | **Sr. Laboratory Technicians** | **NHM .** | **02** | **01** | **01** | **00** | **00** | MSc Medical Microbiology (Regular) / Applied Microbiology (Regular) / General Microbiology (Regular) / Biotechology (Regular) / Medical Biotechnology (Regular) with 01 Year Experience in TB Culture Lab / Bacteriology. OR BSc. Microbiology (Regular) / Biotechnology (Regular) Biochemistry (Regular) / Chemistry (Regular) Life Science (Regular) with 02 Year Experience in TB Culture Lab / Bacteriology. Passed Out from UCG Recognised Universities / Institutions. | **21,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%. 2. Experience - 10. Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff. 3. Exam - 20 M. |
| 12 | **Laboratory Technician** | **NUHM** | **01** | **00** | **01** | **00** | **00** | D.M.L.T. / B.M.L.T. Course with Registration in C.G. Paramedical Council **OR** 1 Year Pathology Paramedical Course & Registration with C.G Paramedical Council | **14,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff. 3. Exam - 20 M. |
| **Date - 21-12-2024 - Time – 09:00 AM to 12:00 PM** | | | | | | | | | | |
| 13 | **Nutrition Counsellor/Feeding Demonstrator - NRC** | **NRC** | **02** | **00** | **01** | **00** | **01** | B.Sc. Home Science | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%. 2. Experience - 10. Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff. 3. Exam - 20 M. |
| 14 | **ANM** | **NUHM** | **02** | **00** | **02** | **00** | **00** | ANM Passed From INC Affiliated Training Center & Live Registration on Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC certificate) 3. Exam - 20 M. |
| 15 | **2nd ANM** | **NHM** | **01** | **01** | **00** | **00** | **00** | ANM Passed From INC Affiliated Training Center & Live Registration on Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC certificate) 3. Exam - 20 M. |
| 16 | **MPW (Male) - UHWC** | **NUHM** | **02** | **01** | **01** | **00** | **00** | 12th Pass With Biology Subject. One Year Diploma in Multipurpose Woker Training or Equivalent Training form training Center Recognized by the State Govt. with Registration in CG Paramedical Council. | **14,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff. 3. Exam - 20 M. |

क्रमशः

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Date - 23-12-2024 - Time – 09:00 AM to 12:00 PM** | | | | | | | | | | |
| 17 | **Security Guard** | **NHM** | **04** | **01** | **02** | **00** | **01** | 1. 10th Pass.<br>2. Minimum Height must be 160 cms.<br>3. किसी भी शासकीय /अर्द्धशासकीय/निजी संस्था में सिक्यूरिटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। | **10,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 85%.<br>2. Experience - 10. Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff. |
| 18 | **Dental Assistant** | **NUHM** | **01** | **01** | **00** | **00** | **00** | Matriculation (12th pass) form Recognised Board. | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10. Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M. |
| 19 | **Class - IV - UHWC** | **NUHM (UHWC)** | **01** | **00** | **01** | **00** | **00** | 10th Passed | **10,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 85%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff. |
| **Date - 26-12-2024 - Time – 09:00 AM to 12:00 PM** | | | | | | | | | | |
| 20 | **Secretarial Assistant (NPCB)** | **NPCB** | **01** | **01** | **00** | **00** | **00** | Graduation in Any Discipline With at least 1 year Diploma in Computer Applications. | **13,650.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M. |
| 21 | **Secretarial Assistant (DPMU)** | **NHM** | **01** | **00** | **01** | **00** | **00** | Graduation in Any Discipline With at least 1 year Diploma in Computer Applications. | **13,650.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M. |
| 22 | **Jr. Secretarial Assistant (PADA)** | **NHM** | **02** | **00** | **01** | **00** | **01** | 12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Applications. | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M. |
| 23 | **Jr. Secretarial Assistant (UPHC)** | **NUHM** | **02** | **00** | **02** | **00** | **00** | 12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Applications. | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M. |
| 24 | **Jr. Secretarial Assistant - (UHWC)** | **NUHM (UHWC)** | **01** | **00** | **01** | **00** | **00** | 12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Applications. | **12,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M. |
| **Date - 28-12-2024 - Time – 09:00 AM to 12:00 PM** | | | | | | | | | | |
| 25 | **Nursing Officer** | **NMHP** | **01** | **00** | **01** | **00** | **00** | BSc Nursing Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,500.00 Per Month** | 1. Qualification - 65%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff.<br>3. Exam - 20 M |
| 26 | **Nursing Officer (NHM)** | **24*7 PHC** | **03** | **00** | **02** | **00** | **01** | BSc Nursing / GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,500.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin.<br>(Per year 4 marks on the basis of SHRC certificate)<br>3. Exam - 20 M. |
| 27 | **Staff Nurse** | **NRC** | **02** | **00** | **01** | **01** | **00** | BSc Nursing / GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%.<br>2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin.<br>(Per year 4 marks on the basis of SHRC Certificate)<br>3. Exam - 20 M. |

क्रमशः

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | **Staff Nurse - SNCU** | **SNCU** | **14** | **00** | **12** | **01** | **01** | BSc Nursing / GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC Certificate) 3. Exam - 20 M. |
| 29 | **Staff Nurse - NBSU** | **NBSU** | **07** | **00** | **07** | **00** | **00** | BSc Nursing / GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,000.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC Certificate) 3. Exam - 20 M. |
| 30 | **Nursing Officer ICU** | **ICU** | **02** | **01** | **01** | **00** | **00** | BSc Nursing / GNM Course Passed. & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,500.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC certificate) 3. Exam - 20 M. |
| 31 | **Nursing Officer (NUHM)** | **NUHM** | **01** | **00** | **01** | **00** | **00** | BSc Nursing / GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | **16,500.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC certificate) 3. Exam - 20 M. |
| 32 | **Staff Nurse (UHWC)** | **UHWC** | **02** | **00** | **02** | **00** | **00** | 1. BSC Nursing / Post Basic BSc. Nursing 2. GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. **(Final Merit List Prepared on the basis of order of priority. Like 1 & 2)** | **16,500.00 Per Month** | 1. Qualification - 60%. 2. Experience - 10 Marks for Other & 15 Marks For NHM Staff & 20 Marks for Mitanin. (Per year 4 marks on the basis of SHRC certificate) 3. Exam - 20 M. |
| **TOTAL** | | | **78** | **13** | **57** | **02** | **06** | | | |

**नोट :-**

1. आरक्षण बस्तर जिले में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।
2. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत हो जावेगा। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा। किसी भी परिस्थिति में बाद की तिथि का प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतः अर्हता सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।
4. संलग्न सर्व प्रमाण पत्र एवं फोटो स्व प्रमाणित / स्व हस्ताक्षरित / Self Attested करना अनिवार्य है।
5. आवेदन पत्र में निर्धारित दोनों स्थानों पर आवेदक का हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
6. ऐसे अभ्यर्थी जिनका अंकसूची ग्रेडिंग पद्धति का है, को ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था / स्कूल से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक / चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि में आवेदन के साथ गणना पत्रक प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदक को अपात्र किया जावेगा।

उपरोक्त कण्डिका क्रमांक 02, 04, एवं 05, व 06 का पालन न होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।

**''भाग ब''**

**आवेदन के संबंध में दिशा-निर्देश :-**

1. भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 तथा राज्य कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप किया जावेगा।
2. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
3. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा। प्रत्येक आवेदक को चाहिए कि विज्ञापन में दिये गये निर्देशो तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी सावधानी पूर्वक पढ़कर पूर्ण रूपेण भरा जावे। आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण होने एवं वांछित दस्तावेज के अभाव में आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
4. आवेदन शुल्क अभ्यर्थी आवेदन शुल्क निचे दिये गये 02 माध्यमों में से किसी एक का चयन कर भुगतान कर सकते है -

अभ्यार्थियों को निम्नानुसार डिमान्ड ड्राफ्ट "District Health Society Bastar-Non

क्रमशः

NRHM Fund" के नाम से आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा अभ्यर्थी अपात्र माना जावेगा। एक से अधिक पदों में भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवार को अलग-अलग पदो हेतु अलग-अलग डी.डी जमा करना होगा। (नोट- अभ्यार्थी डी.डी. के पीछे स्पष्ट अक्षरो मे अपना नाम व आवेदित का पद नाम अवश्य रूप से लिखे।

**अथवा**

अभ्यर्थियों को दिये गये यूआर.एल. लिंक- https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=6699616 के माध्यम से या नीचे दिये गये QR Code से ऑल लाईन भुगतान कर आवेदन पत्र के साथ भुगतान पर्ची संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा अभ्यर्थी अपात्र माना जावेगा। एक से अधिक पदों में भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवार को अलग-अलग पदों हेतु अलग-अलग भुगतान कर पर्ची जमा करना होगा। (नोट- अभ्यर्थी पर्ची के पीछे स्पष्ट अक्षरों में अपना नाम व आवेदित का पद नाम अवश्य रूप से लिखे।

**आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है-**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह =25000 | मानदेय प्रतिमाह 25000 |
|---|---|---|
| दिव्यांग/अ.जा./अ.ज.जा./ महिला | 100 | 200 |
| अ.पि.व. अभ्यर्थी हेतु | 200 | 300 |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 | 400 |

रिमार्क :- डी.डी. एवं ऑन लाईन भुगतान पर्ची की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। एक से अधिक विज्ञापित पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पृथक-पृथक आवेदन के साथ पृथक-पृथक-आवेदन शुल्क देय होगा। देय आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नही किया जावेगा।

7. आयु सीमा संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु गणना हेतु आधार वर्ष 01.01.2024 होगा। आयु सीमा में छ.ग. शासन द्वारा दिए जाने वाले सभी छूट सम्मिलित है।
8. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ क्रमवार वांछित योग्यता प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा तथा दस्तावेज सत्यापन / साक्षात्कार / कौशल परीक्षा के समय अभिलेखों की मूल प्रति एवं सभी दस्तावेजो की छायाप्रति के साथ अभ्यार्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

8.1 10वीं की अंकसूची/08वीं की अंकसूची / जन्म प्रमाण पत्र। (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)।

8.2 स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकसूची।

8.3 संबंधित डिप्लोमा/डिग्री।

8.4 संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। (संबंधित है तो)

8.5 सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र। (संबंधित है तो)

8.6 छ.ग. राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र।

8.7 अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र (अभ्यर्थी के पद से संबंधित हो। केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे।) पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को अनुभव के अंक प्रदान किये जायेंगे।

8.8 अनुभव प्रमाण पत्र विज्ञापित पदों के चयन में केन्द्र व राज्य सरकार के उपक्रम/शासकीय / अर्द्धशासकीय/पदों पर पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत् अधिकारी तथा कर्मचारियों को पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 3 अंक अधिकतम 15 अंक प्रदान किया जावेगा तथा ए.एन.एम. / जी.एन.एम. / नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को 04 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक प्रदाय किया जावेगा। (मितानीन द्वारा कार्य-अवधि का प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर द्वारा जारी प्रमाण पत्र)

8.9 अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। अनुभव में अंकों की गणना 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष किया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी। प्रशिक्षण एवं स्वेच्छा से कार्य का अनुभव मान्य नहीं किया जावेगा।

8.10 आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ सक्षम नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र नही होने की स्थिति में अनुभव के अंक प्रदान नही किए जाएंगे।

8.11 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. कौशल परीक्षा/अंतिम सूची का आधार :-

9.1- (अ) कौशल / लिखित / साक्षात्कार परीक्षा हेतु मेरिट सूचीः- शैक्षणिक योग्यता + अनुभव के अंक।

(ब) अंतिम चयन सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगीः-
शैक्षणिक योग्यता + अनुभव के अंक कौशल / लिखित / साक्षात्कार परीक्षा के अंक।
नोट :- कौशल परीक्षा में कुल अंक 20 में से कुल 06 अंक (30%) प्राप्त करना अनिवार्य होगा, कम अंक प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी अपात्र होगा।

9.2 मेरिट सूची/अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी :-
पद क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 16, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 25 1

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का 65 प्रतिशत् अंक।
2. कौशल परीक्षा-20 अंक (पद के अनुरूप लिखित / कम्प्यूटर बेस्ड / साक्षात्कार आदि के स्वरूप में कौशल परीक्षा ली जावेगी)
3. अनुभव अनुभव अंक 10/15 (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जायेंगे।)

> एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक।
अन्य अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक ।

**पद क्रमांक 14, 15, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 1**

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का 60 प्रतिशत् अंक।
2. कौशल परीक्षा परीक्षा ली जावेगी) 20 अंक (पद के अनुरूप लिखित / कम्प्यूटर बेस्ड / साक्षात्कार आदि के स्वरूप में कौशल
3. अनुभव अनुभव अंक 10/15/20 (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जायेंगे।)

> केन्द्र व राज्य सरकार के उपक्रम/शासकीय / अर्द्धशासकीय / पदों पर कार्यरत् अभ्यर्थियों को प्रतिवर्ष 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक।

> एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक ।

> ए.एन.एम./जी.एन.एम. / नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये 04 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक।

1 **पद क्रमांक- 19**

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का 85 प्रतिशत अंक ।
2. अनुभव अनुभव अंक- 10/15 (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जायेंगे।)

> एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक।
अन्य अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक ।

**नोट पद क्रमांक- 17 हेतु अन्य अनिवार्य शर्ते ।**

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का 85 प्रतिशत अंक।
2. अनुभव अनुभव अंक 10/15 (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जावेंगे।)

> एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक।

> अन्य अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक ।

> अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ हो। इस पद हेतु चयन उपरांत अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

> आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अ.जा. एवं अ.ज.जा. वर्ग के अभ्यार्थियों हेतु 05 वर्ष की छुट होगी।

> अभ्यर्थी की न्यूनतम ऊचाई 160 से.मी. होना अनिवार्य होगा।

> किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरिटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदान किया जावेगा तथा निजी संस्था के अनुभव को मान्य करते हुये केवल अभ्यर्थी को पात्र किया जायेगा, किन्तु अनुभव का अंक सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

> अभ्यार्थी द्वारा निवास ग्राम / शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। (आवेदन पत्र के साथ संलग्न करे।)
चयन उपरांत अभ्यार्थी का पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जायेगा।

9.3 उक्त पदों हेतु निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदकों की वर्गवार सूची न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का निर्धारित प्रतिशत अंक तथा अनुभव अंक के योग के आधार पर निर्मित मेरिट सूची तैयार की जायेगी तथा तालिकानुसार आवेदकों को वर्गवार प्रवीणता (मेरिट) के आधार पर लिखित / कौशल / साक्षात्कार परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | लिखित/कौशल / साक्षात्कार के लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 01 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

**"भाग स**

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा-निर्देश :-**

1. आवेदक द्वारा मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सहीं पाये जाने पर ही

क्रमशः

उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

2. अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिए गए समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिए। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जांच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है तो उन्हें आगामी अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। चयन के पूर्व/पश्चात जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाए जाने पर उनका चयन निरस्त किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता का होगा।
3. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
4. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय आवेदन के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. अंतिम चयन सूची व प्रतीक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से आगामी न्यूनतम एक वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी।
6. संविदा मानदेय संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ. पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
7. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2025 तक के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि में राज्य कार्यालय के दिशा-निर्देशानुसार वृद्धि की जा सकती है। उक्त पद के विरूद्ध नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
8. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् एक माह पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
09. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
11. संविदा पर नियुक्त. कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
12. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेगें।
13. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकारी प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्ता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया / मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
14. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निश्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
15. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता / वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा सेवा समाप्त की गयी है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
16. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी लिपिकिय त्रुटि व विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
17. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदो की संख्या घटाई और बढ़ाई जा सकती है या निरस्त की जा सकती है।
18. उक्त संविदा नियुक्ति पश्चात प्रतिक्षा सूची जारी दिनॉक से 01 वर्ष तक वैद्य होगी।
19. आगामी 01 वर्ष में रिक्त होने वाले बैकलॉग संविदा पदों पर नियुक्ति वर्तमान में जारी प्रतिक्षा सूची के माध्यम से की जावेगी।
20. आवेदक को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार की यात्रा भत्ता (टी.ए.डी.ए.) देय नही होगी।
21. पात्र-अपात्र, दावा आपत्ति, चयन प्रक्रिया, प्रक्रिया का परिणाम संबंधी सभी सूचना कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बस्तर (छ.ग.) के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in में समय-समय पर प्रकाशित किया जावेगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

**भर्ती प्रक्रिया की समय-सारणी :-**

वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक (निर्धारित पद अनुरूप) — 17.12.2024, 19.12.2024, 21.12.2024, 23.12.2024, 26.12.2024, 28.12.2024। को आयोजित की जावेगी

वॉक-इन-इंटरव्यू स्थान कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, शांति नगर वार्ड, इंदिरा स्टेडिम के पीछे, जगदलपुर, जिला बस्तर।

आवेदक द्वारा आवेदन जमा करने का समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक।
पात्र/अपात्र सूची जारी करने का समय शाम 04:00 बजे तक। (संभावित समय)
मेरिट सूची जारी करने का समय शाम 05:00 बजे तक। (संभावित समय)
कौशल / साक्षात्कार / लिखित परीक्षा का समय यथा संभावित निर्धारित दिवस / आगामी दिवस। (स्थान की सूचना उक्त दिवस में दी जावेगी।)

**नोट :-** अभ्यार्थियों की अधिकता की स्थिति में उक्त तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

**(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग)

**"राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती"**

वर्तमान का पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं हस्ताक्षर कर चिपकायें

(कार्यालयीन विज्ञापन कमांक---------दिनांक------------

**आवेदन पत्र**

पंजीयन कमांक--------------------------(कार्यालय द्वारा प्रदान किया जावेगा।)
आवेदित पद का नाम------------------
कार्यक्रम का नाम--------------------------

1. आवेदक का नाम ----------------------
2. पिता/पति का नाम ----------------------
3. जाति (अजा/अजजा /अपिव/सामान्य) ----------------------
4. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक एव दिनांक यदि है तो ----------------------
5. जन्म तिथि ----------------------
6. आयु (01.01.2024 की स्थिति में) वर्ष-----माह------दिन---
7. स्थाई पता ----------------------
8. पत्र व्यवहार का पता ----------------------
9. फोन नं. व ई-मेल आई डी ----------------------
10. लिंग (महिला/पुरुष) ----------------------
11. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी (हॉं/नहीं) ----------------------
12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था का नाम | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

**(प्रमाण पत्र एवं अंक सूची संलग्न करे।)**

कार्यानुभवः-

| क्र. | पद का नाम | कार्यालय का नाम | कुल कार्य अवधि | कार्य विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**(कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे।)**

13. क्या अभ्यार्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण दर्ज है। :- हॉ/ नही
14. यदि हों तो अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रं. एवं निर्णय की जानकारी का उल्लेख करे।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**घोषणा-पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है कोई भी जानकारी असत्य होने के दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं किसी भी समय मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी।

**आवेदक का नाम व हस्ताक्षर**

दिनॉक :-
स्थान :-

**संलग्न प्रमाण पत्रो की सूची**

1.-----------------------2.-----------------------3.-----------------
4.-----------------------5.-----------------------6.----------------
7.-----------------------8.-----------------------9.-----------------

**आर.ओ.204/जी-242504312.4**

## छत्तीसगढ़

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से की भेंट



नई दिल्ली में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की। उन्होंने गृह मंत्री को बस्तर ओलंपिक के समापन और पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे श्री शाह ने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने नक्सल विरोधी अभियानों और बस्तर में विकास कार्यों की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में सुधार से माओवादी प्रभाव कमजोर हुआ है। 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने का विश्वास जताते हुए पुनर्वास योजनाओं को प्राथमिकता देने की जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री ने गौशालाओं की अनुदान राशि प्रति मवेशी 25 से बढ़ाकर 35 रुपए की

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर में आयोजित समारोह में गौशालाओं के लिए प्रति मवेशी अनुदान राशि को 25 रुपए से बढ़ाकर 35 रुपए करने की घोषणा की। यह कदम गौ माता के संरक्षण और पालन-पोषण को सशक्त बनाने के लिए उठाया गया है। उन्होंने राज्य में गौ अभ्यारण्यों को "गौ-धाम" के रूप में विकसित करने की योजना साझा की, जिसके तहत बेमेतरा और कवर्धा में गौ-धाम निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने गौ तस्करी और गौ हत्या पर सख्ती से रोक लगाने की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और "देवभोग" ब्रांड को मजबूत करने की दिशा में भी सरकार प्रयासरत है।

### एयरपोर्ट विकास के लिए 23.64 करोड़ की मंजूरी

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास के लिए 23.64 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बिलासपुर एयरपोर्ट में एप्रन विस्तार और लाइटिंग के लिए 2.96 करोड़, जगदलपुर एयरपोर्ट में एयरस्ट्रिप सुधार, आइसोलेशन वे और सड़क चौड़ीकरण के लिए 20.40 करोड़, जबकि अंबिकापुर एयरपोर्ट के लिए 27.92 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है। इन कार्यों से एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में सुधार होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन प्रयासों से विमानन सेवाएं बेहतर होंगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### सीआरजीबी महतारी शक्ति ऋण योजना का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने 'सीआरजीबी महतारी शक्ति ऋण योजना' की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करना है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने योजना का उद्घाटन किया। इसके तहत महिलाओं को 25,000 रुपए तक का ऋण दिया जाएगा, जिससे वे अपने व्यवसाय या आर्थिक गतिविधियों को बढ़ा सकेंगी। यह कदम महिलाओं को परिवार और समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करेगा, साथ ही राज्य की समृद्धि में योगदान करेगा।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासकीय मेडिकल कॉलेजों में बड़े सुधार



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में वित्तीय और प्रशासनिक विकेंद्रीकरण लागू किया गया है। अब कॉलेजों के अधिष्ठाताओं और अस्पताल अधीक्षकों को 10 लाख रुपये तक के कार्यों का वित्तीय अधिकार मिलेगा, जिससे त्वरित निर्णय संभव होगा। स्वशासी सोसाइटियों को प्रति कार्य 2 करोड़ रुपये तक की स्वीकृति का अधिकार दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम का हिस्सा 25% से बढ़ाकर 45% किया गया। इन सुधारों से चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी और मरीजों को त्वरित लाभ मिलेगा।

### नगरीय निकायों में 15 हजार नए आवास स्वीकृत

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति मिली है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य के सभी नगरीय निकायों के लिए इन आवासों की मंजूरी दी है। इस निर्णय से शहरी गरीबों, निम्न और मध्य आय वर्ग के परिवारों को सस्ते और किफायती आवास उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

### साइबर अपराध रोकने बड़ा कदम, सीएम ने किया साइबर भवन का उद्घाटन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय साइबर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे साइबर अपराध से निपटने की दिशा में राज्य का अहम कदम बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जागरूकता और तकनीकी दक्षता से ही साइबर अपराध पर रोक संभव है। अक्टूबर में 410 जनजागरूकता कार्यक्रमों के जरिए 23 लाख लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। उन्होंने पुलिस द्वारा एक बड़े ठगी गिरोह को पकड़ने की सराहना की। कार्यक्रम में समाधान और सशक्त मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए तथा पुलिस कर्मियों के लिए 8 बैंकों से एमओयू साइन हुए। उत्कृष्ट विवेचना करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

### साइबर अपराध रोकने बड़ा कदम, सीएम ने किया साइबर भवन का उद्घाटन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय साइबर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे साइबर अपराध से निपटने की दिशा में राज्य का अहम कदम बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जागरूकता और तकनीकी दक्षता से ही साइबर अपराध पर रोक संभव है। अक्टूबर में 410 जनजागरूकता कार्यक्रमों के जरिए 23 लाख लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। उन्होंने पुलिस द्वारा एक बड़े ठगी गिरोह को पकड़ने की सराहना की।

## राष्ट्रीय

### इसरो ने रचा कीर्तिमान प्रोबा- 3 मिशन सफलता पूर्वक प्रक्षेपित



चंद्रयान और आदित्य मिशन के बाद भारत ने एक और कीर्तिमान रचा। इसरो के पीएसएलवी-सी59 राकेट ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को लांच किया। मिशन के तहत राकेट ने सूर्य के कोरोना का रहस्य खंगालने वाले दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचा दिया है। प्रोबा-3 मिशन में दो उपग्रह शामिल हैं, जो सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 5 दिसम्बर को शाम 4.04 बजे 44.5 मीटर लंबे पीएसएलवी-सी59 राकेट ने प्रोबा 3 मिशन के उपग्रहों के साथ उड़ान भरी। 18 मिनट के बाद राकेट ने सफलतापूर्वक दोनों उपग्रहों को इच्छित कक्षा में पहुंचा दिया। दोनों उपग्रहों को अंडाकार कक्षा में स्थापित किया गया। इस कक्षा से पृथ्वी की निकटतम दूरी 600 किमी और अधिकतम दूरी 60,000 किमी है। इसरों ने 2001 में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबो-1 मिशन का भी सफलता पूर्वक परीक्षण किया था।

### ईपीएफ ऑटोमेटेड चैनल से 1 लाख तक क्लेम संभव

ईपीएफओ के सदस्य अब ऑटोमेटेड चैनल से 1 लाख रुपए तक का क्लेम ले सकते हैं। पहले यह राशि 50 हजार रु. थी। पैसे शादी, पढ़ाई और घर बनाने के लिए यह निकाल सकेंगे। यह निर्णय सीबीटी की बैठक में लिया गया। इसमें तय हुआ कि अब क्लेम सेटलमेंट जिस दिन होगा, ब्याज की गणना भी उसी दिन से होगी। अभी माह की 24 तारीख तक सेटल हुए क्लेम पर पिछले माह की 30 तारीख तक का ब्याज मिलता था।

### स्वच्छ भारत मिशन से शिशु मृत्यु दर में आई कमी

स्वच्छ भारत मिशन ने से 60 से 70 हजार शिशुओं की जान बची है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के बताया कि एनएसएस के आंकड़ों के अनुसार, 2014 से 2020 के बीच कई राज्यों में शिशु मृत्यु दर में गिरावट दर्ज की गई है। केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### आईआईटी खड़गपुरः छात्रों को 3 दिन में 1000 जॉब ऑफर

आईआईटी खड़गपुर में 2024-25 की प्लेसमेंट प्रक्रिया के पहले चरण में तीन दिन में ही एक हजार जॉब ऑफर मिले हैं। संस्थान के अधिकारियों ने कहा कि पहले दो दिन में प्री-प्लेसमेंट ऑफर सहित 800 से अधिक ऑफर मिले। तीसरे दिन यह संख्या 1,000 से अधिक हो गई। 20 छात्रों को विदेश में जॉब ऑफर मिले हैं। संस्थान ने कहा है कि हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग, सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, फाइनेंस, बैंकिंग और कंसल्टिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों ने छात्रों को प्रमुख पदों के लिए जॉब ऑफर किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वीके तिवारी ने कहा, "मैं उन सभी कंपनियों और संगठनों का भी आभारी हूं, जिन्होंने हमारे छात्रों की योग्यता और क्षमताओं पर विश्वास किया और उन्हें प्रोत्साहित किया।

### भारतीय गगन यात्री अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार

गगन यात्रियों ने अमेरिका में प्रशिक्षण का आरंभिक चरण पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुने गए दो भारतीय गगन यात्रियों प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप- ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर का प्रशिक्षण पूरी तरह सफल रहा। स्पेस एक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान व अंतरिक्ष स्टेशन की प्रणालियों से अवगत कराया गया। दोनों यात्रियों के प्रशिक्षण का अधिकांश हिस्सा पूर्ण रूप से भारत के महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान मॉड्यूल पर केंद्रित है। दोनों गगनयात्री अब उन्नत प्रशिक्षण लेंगे।

### ओडिशा में माहशीर मछली की दो प्रजातियां

ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में इंद्रावती नदी प्रणाली से माहशीर मछली की दो प्रजातियों की खोज की है। मछली की ये प्रजातियां साइप्रिनिडे फैमिलीश से संबंधित है और इन्हें दुनिया की 20 बड़ी मछलियों में भी शामिल किया गया है। माहशीर मछली की प्रजातियां पहले महानदी और ब्राह्मणी नदियों व सिमिलिपाल क्षेत्र में देखी गई हैं। यह एक पवित्र मछली है और भारत के कई मंदिरों में इसकी पूजा की जाती है।

### प्रयागराज कुंभ मेला क्षेत्र अस्थायी जिला घोषित

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए मेला क्षेत्र को नया जिला घोषित किया है। चार महीने के लिए घोषित इस अस्थायी जिले का नाम 'महाकुंभ मेला जनपद' है। विजय किरन आनंद को महाकुंभ मेला जिले का कलेक्टर मेलाधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही यूपी में 75 की जगह 76 जिले हो गए।

### काव्या मेहरा देश की पहली एआई मॉम इन्फ्लूएंसर

काव्या मेहरा के रूप में देश को पहली एआई मॉम इन्फ्लूएंसर मिल गई हैं। काव्या मॉडर्न मदरहुड (आधुनिक मातृत्व) पर टिप्स देती हैं। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तकनीक द्वारा संचालित हैं। लहंगा पहनती हैं, खाना बनाती हैं, पेंटिंग करती हैं। उन्होंने 'फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स' की समीक्षा भी की है। काव्या के इंस्टाग्राम बायो में लिखा है, 'भारत की पहली एआई मॉम, असली माताओं द्वारा संचालित हैं।' वह मातृत्व के बारे में अपने विचार साझा करती है।

### फडणवीस तीसरी बार सीएम मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



श्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के नये मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली। श्री फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। वे राज्य के 21वें मुख्यमंत्री हैं। साथ ही श्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने भी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

## अंतरराष्ट्रीय

### भारतीय मूल के काश पटेल एफबीआई के नए निदेशक



अमेरिका में भारतीय मूल के काश पटेल को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बेहद करीबी पटेल को इस पद के लिए नामित किया। वह ट्रंप प्रशासन में सबसे ऊंची रैंक के भारतीय अमेरिकी बनेंगे। 44 वर्षीय पटेल का जुड़ाव गुजरात से है।

### भारत-ब्रिटेन करेंगे बिजली चलित युद्धपोतों का साझा उत्पादन

भारत और ब्रिटेन ने भविष्य के युद्धपोतों के लिए इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम (बिजली चलित प्रणालियों) के डिजाइन और उत्पादन करने के लिए साझेदारी की है। यह समझौता दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने के लक्ष्य का हिस्सा है। यह जानकारी भारतीय रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक बयान में दी गई। पोर्ट्समाउथ में दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत की तरफ से नौसेना प्रणाली के संयुक्त सचिव राजीव प्रकाश और ब्रिटेन की एक से रक्षा मंत्रालय में निदेशक रियर एडमिरल स्टीव मैकार्थी ने हस्ताक्षर किए।

### चीन में मिला दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार

चीन के हुनान प्रांत के मध्य में करीब 1,000 मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता वाले स्वर्ण अयस्क का पता चला है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बताया जा रहा है। चीनी सरकारी मीडिया के मुताबिक भंडार की कीमत करीब 83 अरब डॉलर (करीब सात लाख करोड़ रुपए) है। हुनान प्रांत की यह खदान दक्षिण अफ्रीका की साउथ डीप खदान से भी बड़ी है। चीन के पास 2,000 टन से ज्यादा सोना है। चीन के बाद रूस और ऑस्ट्रेलिया के पास सबसे ज्यादा सोना है।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका ऊर्जा पेशेवर प्रशिक्षण के लिए समझौता

भारत-दक्षिण अफ्रीका में आयोजित प्रथम ऊर्जा सम्मेलन में दोनों देशों के बीच भावी ऊर्जा पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता हुआ। 'मतला-ऊर्जा एनर्जी कॉन्फ्रेंस' (सेसोथो भाषा में 'मतला' का अर्थ होता है 'शक्ति') नामक इस सम्मेलन में 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने ऊर्जा क्षेत्र में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए महावाणिज्य दूत महेश कुमार ने सम्मेलन की सफलताओं पर कहा, हमने व्यवहारिक पहलुओं पर चर्चा को आगे बढ़ाया है।

### ब्रिक्स देशों को ट्रंप की बड़ी चेतावनी

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने शपथ लेने से पहले ही ब्रिक्स देशों को चेतावनी देते हुए कहा नई करेंसी बनाई तो लगा देंगे सौ फीसदी टैरिफ। उन्होंने ब्रिक्स देशों को खुली धमकी देते हुए कहा कि अगर अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या उसे बदलने का प्रयास किया गया तो वह इन देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे।

### सीरिया के अलेप्पो पर विद्रोहियों का कब्जा

सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है। विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शम और उसके सहयोगी संगठनों से 8 साल बाद अलेप्पो पर हमला किया। राष्ट्रपति बशर अल असद से जुड़े प्रतीकों को विद्रोहियों ने तबाह कर दिया है। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के अनुसार, सीरिया में विद्रोही बलों ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है।

### स्कॉटलैंड की कलाकार जसलीन को टर्नर पुरस्कार



लंदन ब्रिटेन का प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार इस बार ग्लासगो में जन्मी भारतवंशी कलाकार जसलीन कौर को मिला है। लंदन के टेट ब्रिटेन में आयोजित एक समारोह में अपनी एकल प्रदर्शनी 'ऑल्टर ऑल्टर' के लिए लगभग 26.84 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। इस प्रदर्शनी में एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से मूर्तियां बनाई गई थीं, जिनमें से प्रत्येक को कलाकार की प्रस्तुतियों के साथ संगीत रचना के माध्यम से 'एनिमेटेड' किया गया था। ग्लासगो में जन्मी भारतीय मूल की कलाकार जसलीन कौर ने 'व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक' पहलुओं को एक साथ पिरोने के लिए ब्रिटेन का प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार 2024 जीता है। जसलीन की कृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में पलने-बढ़ने के दौरान की उनकी जिंदगी से प्रेरित हैं।

### एआई राडार करेगा ट्रैफिक की निगरानी

ट्रैफिक संभालने के लिए दुबई में एआई की मदद ली जा रही है। तेज गाड़ी चलाने, ड्राइव करते हुए फोन पर बात करने, सीट बेल्ट न लगाने और लेन में न चलने जैसे नियमों के उल्लंघन की निगरानी के लिए राडार तकनीक से लैस एआई टावर लगाए गए हैं। पुलिस ने इसे केटीसी इंटरनेशनल के साथ मिलकर विकसित किया है।

### मानवीय सहायता के रूप में म्यांमार को भारत ने भेजा 2200 टन चावल

भारत ने मानवीय सहायता के रूप में म्यांमार को 2200 मीट्रिक टन चावल भेजा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भारत अपनी एक्ट ईस्ट और पडोसी प्रथम जैसी नीतियों के साथ म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। म्यांमार बारूदी सुरंगों से होने वाली मौतों के मामले में दुनिया का सबसे खतरनाक देश बन गया है। इससे म्यांमा में केवल वर्ष 2023 में ही 1 हजार 52 लोगों की जान गई है, जो किसी भी अन्य देश से अधिक है। हताहतों में 20 प्रतिशत से अधिक बच्चे शामिल हैं।

## खेल / कला

### छत्तीसगढ़ की दिव्या ने ईस्ट एशिया म्यूथाई में भारत के लिए ब्रॉन्ज जीता



छत्तीसगढ़ की दिव्या अग्रवाल ने ईस्ट एशिया म्यूथाई चैंम्पियनशिप में भारत की ओर से खेलते हुए ब्रॉन्ज मेंडल जीत लिया है। हॉन्गकॉन्ग में आयोजित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दिव्या अग्रवाल (ब्लू कार्नर) और हॉन्गकॉन्ग की होई ई वॉन्ग (रेड कॉर्नर) आमने-सामने थीं। हॉन्गकॉन्ग की खिलाड़ी को विजेता घोषित कर दिया और दिव्या को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा।

### जय शाह ने संभाला आईसीसी प्रमुख का कार्यभार

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। 36 साल के शाह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय और सबसे युवा हैं। शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया। बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म हुआ था। 27 अगस्त आवेदन करने की अंतिम तिथि थी और ऐसे में जय के अलावा पद के लिए किसी अन्य ने आवेदन नहीं किया और वह निर्विरोध चुन लिए गए थे।

### सिंधू तीसरी बार सैयद मोदी चैंपियन

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय महिला शटलर पीवी सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीता। सिंधू ने जुलाई 2022 के बाद पहली बार महिला एकल खिताब जीता है। पीवी सिंधू ने सैयद मोदी टूर्नीमेंट में तीसरी बार महिला एकल खिताब जीता है। इसके साथ ही उन्होंने हमवतन खिलाड़ी साइना नेहवाल के सर्वाधिक तीन बार चैंपियन बनने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सिंधू ने यहां 2017 और 2022 में भी खिताब जीता था।

### हॉकी इंडिया टीम की कमान ज्योति को

हॉकी इंडिया ने महिला जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित की। टीम की कप्तानी ज्योति सिंह करेंगी। यह टूर्नामेंट 15 दिसंबर तक मस्कट (ओमान) में खेला जाएगा। भारत पूल-ए में है, जिसमें चीन, मलेशिया, थाइलैंड व बांग्लादेश की टीम है। पूल-बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका की टीम शामिल हैं।

### फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2024, खेल प्रतिभाओं का सम्मान

फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2024 में भारतीय खेलों की उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया। पैरालंपिक कांस्य विजेता शीतल देवी को साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा खिलाड़ी, क्रिकेटर आयुष म्हात्रे और बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। भारतीय केकेएफआई को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ और रग्बी इंडिया को सर्वश्रेष्ठ विकासात्मक कार्य का पुरस्कार मिला। तमिलनाडु को सर्वश्रेष्ठ खेल प्रोत्साहन राज्य, जबकि बिहार ने उभरते खेल प्रोत्साहन राज्य का खिताब जीता। व्यक्तिगत पुरस्कारों में बास्केटबॉल खिलाड़ी रसप्रीत सिद्ध और एएफआई के अध्यक्ष डॉ. आदिल सुमारिवाला को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### लक्ष्य सेन पुरुष एकल चैंपियन

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दमदार प्रदर्शन कायम रखते हुए पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। लक्ष्य ने फाइनल में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को बेहद आसान मुकाबले में 21-6, 21-7 से हराया और पहली बार पुरुष एकल में चैंपियन बने।

### अर्जुन 2800 की रेटिंग छूने वाले दूसरे भारतीय बने

भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी 2800 की ईएलओ रेटिंग छूने वाले दिग्गज आनंद के बाद दूसरे भारतीय और दुनिया के 16वें खिलाड़ी बन गए हैं। शतरंज की वैश्विक संस्था फिडे की रेटिंग में ग्रैंडमास्टर अर्जुन ने 2801 की ईएलओ रेटिंग हासिल की है। 2831 की रेटिंग के साथ नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन दुनिया के नंबर एक स्थान पर कायम हैं। अमेरिका के फैबियानो कारुआना 2805 की रेटिंग के साथ दूसरे और अमेरिका के ही हिकारु नाकामुरा 2802 की रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रेटिंग के हिसाब से 21 वर्षीय अर्जुन देश के नंबर-1 खिलाड़ी हैं। चीन के डिंग लिरेन को विश्व खिताब के लिए चुनौती दे रहे भारतीय डी गुकेश 2783 की रेटिंग के साथ अर्जुन से एक स्थान नीचे पांचवें स्थान पर हैं।

### बुमराह आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नवंबर माह के लिए आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम का नेतृत्व किया, भारत के इस तेज गेंदबाज को दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन और पाकिस्तान के हारिस रऊफ के साथ नामांकित किया गया है। बुमराह ने नवंबर में आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की थी और अब उनका लक्ष्य महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

### यूथ ओलिंपिक गेम्स से हटे शूटिंग और रेसलिंग

सेनेगल में अगले साल होने वाले यूथ ओलिंपिक से शूटिंग, हॉकी और रेसलिंग जैसे प्रमुख खेलों को हटा दिया गया है। यह फैसला इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी और अन्य खेलों की इंटरनेशनल फेडरेशन की लुसाने में हुई बैठक में लिया गया। 2026 में केवल 25 खेलों को ही प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा, जबकि 10 खेलों को नॉन-मेडल इवेंट के तौर पर आयोजित किया जाएगा। इनमें गोल्फ, कराटे, हॉकी, शूटिंग, सर्फिंग, टेनिस, वेटलिफ्टिंग, कयाक-कैनोई, पेंटाथलॉन और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग शामिल हैं। यह निर्णय भारत के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि भारत ने 2018 के यूथ ओलिंपिक में कुल 13 मेडल जीते थे, जिसमें से 4 मेडल सिर्फ शूटिंग में ही आए थे।



छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
समर्थन मूल्य और रकबा बढ़ा
3100 रुपए प्रति क्विंटल
की दर से
किसानों से 21 क्विंटल
प्रति एकड़ धान खरीदी
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने
के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...
श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क




डॉ. रवि मित्तल - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद की ओर से मे. डीबी कार्प. लिमिटेड, प्लाट नंबर 40/44 इण्डस्ट्रियल एरिया, उरला रायपुर से मुद्रित,
छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर से प्रकाशित। संपादक-जवाहर लाल दरियो